एक नजर में

भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट बढ़कर हुआ 4267 रुपए

खंडवा। भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए आज 20 नवंबर को 4267 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। सोयाबीन के मॉडल रेट में लगातार वृद्धि जारी है। पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए, 15 नवंबर को 4225 रुपए, 16 नवंबर को 4234 रुपए, 17 नवंबर को 4236 रुपए, 18 नवंबर को 4255 रुपए और 19 नवंबर को 4263 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था। राज्य सरकार की गारंटी है कि किसानों को हर हाल में सोयाबीन के न्यूनतम समर्थन मूल्य की 5328 रुपए प्रति क्विंटल की राशि मिलेगी

मोतियाबिंद के 26 मरीजों की इंदौर में नि:शुल्क सर्जरी कराई जाएगी

खण्डवा। राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत बुधवार को छैगांवमाखन विकासखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र धनगांव में नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर लगाकर मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि शिविर में मरीजों की आंखों की जाँच के बाद मोतियाबिंद सर्जरी के लिए 26 मरीजों को चयनित किया गया है, जिन्हें गुरूवार को नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए चौइथराम नेत्रालय इन्दौर भेजा जाएगा। शिविर में आये मरीजों को नेत्र रोग संबंधी जानकारी देते हुए आँखों की देखभाल व सुरक्षा के लिए समझाइश भी दी गयी।

शत प्रतिशत रिपोर्टिंग के लिए मिला सम्मान

घनश्याम वाधवा बेस्ट रिपोर्टिंग के लिए एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित

खण्डवा। लायन्स इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233G 1 द्वारा आयोजित 'सेवा सप्ताह 2025' के दौरान उत्कृष्ट सेवा कार्यों की 100% रिपोर्टिंग सफलतापूर्वक पूरी करने पर लायन्स क्लब खण्डवा के सर्विस चेयरपर्सन एवं उपाध्यक्ष लायन घनश्याम वाधवा को प्रतिष्ठित 'एक्सीलेंस अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान क्लब के लिए गौरव का क्षण है। लायन्स डिस्ट्रिक्ट के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने लायन वाधवा के समर्पण और अथक प्रयासों की सराहना की। लायन नारायण बाहेती ने बताया कि सेवा सप्ताह के दौरान क्लब द्वारा किए गए विभिन्न जनहितैषी कार्यों की समय पर और सटीक रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने में वाधवा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। इस अवसर पर लायन्स क्लब खण्डवा के अध्यक्ष लायन आशा उपाध्याय ने कहा, लायन घनश्याम वाधवा की सक्रियता और नेतृत्व क्षमता ने क्लब को डिस्ट्रिक्ट स्तर पर एक नई पहचान दिलाई है। यह अवॉर्ड उनकी कड़ी मेहनत और सेवा भावना का परिणाम है। सम्मान प्राप्त करने के बाद, समाजसेवी सुनील जैन ने भी श्री वाधवा को एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित होने पर बधाई एवं शुभकामनाए दी। लायन घनश्याम वाधवा ने डिस्ट्रिक्ट नेतृत्व और क्लब के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन्हें भविष्य में और अधिक उत्साह के साथ सेवा कार्यों में जुटने के लिए प्रेरित करेगा। इस उपलब्धि पर क्लब के अन्य पदाधिकारियों, सदस्यों और शहर के गणमान्य नागरिकों ने उन्हें हार्दिक बधाई दी है।

जेल में स्वरोजगार संबंधी प्रशिक्षण दिया

खण्डवा। स्टार ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान खण्डवा द्वारा गुरूवार को स्वरोजगार प्रशिक्षण हेतु जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जेल अधीक्षक यशवंत कुमार मांझी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। स्टार ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी के निदेशक पंकज कुमार कनौजिया ने बताया कि शिविर में बंदियों को कृषि उद्यमी, डेयरी फार्मिंग, बकरी पालन, मुर्गी पालन, मशरूम की खेती, प्राकृतिक खेती, जैविक खाद बनाना, बांस के प्रोडक्ट बनाना, मोबाइल रिपेयरिंग, वेल्डिंग फेब्रिकेशन, मोटरसाइकिल मैकेनिक, प्लंबर एवं सेनेटरी वर्क, मोटर रिवाइंडिंग संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर आरसेटी निदेशक श्री कनौजिया, फैकल्टी रविंद्र बिरला एवं जेल स्टाफ सदस्य भी उपस्थित थे।

शरारती तत्वों द्वारा सिंचाई योजना का वाल तोड जाने से नहर का पानी व्यर्थ बह गया

खंडवा। छैगांव माखन उद्धवन सिंचाई के के शरारती तत्वों के द्वारा मुख्य एवर वाल तोड़ा जिससे किसानों के गेहूं की बोनी हुई लेट। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि किसानों को सिंचाई करने के लिए पंधाना विधानसभा क्षेत्र की क्षेत्रीय विधायक छाया गोविंद मोरे के द्वारा किसानों को गेहूं की फसल बोने के लिए छैगांव माखन उद्धवन सिंचाई को 15 तारीख से चालू करवाने के लिए नहर प्रबंधक से संपर्क कर पंधाना विधानसभा क्षेत्र के छैगांव माखन ब्लॉक में नहर का पानी छुड़वाया गया था। जिससे किसानों को गेहूं की फसल बोने के लिए पानी मिल सके। लेकिन गजवाड़ा काकरिया के पास किसी शरारती तत्व के द्वारा मुख्य शाखा का वाल तोड़ दिया जिससे मुख्य नहर का पानी व्यर्थ बहता रहा। मुख्य प्रबंधक के द्वारा मुख्य नहर का वॉल बद कर शाखा के वॉल की रिपेयरिंग कर पुन: मुख्य शाखा में पानी छोड़ा गया जिससे किसानों के खेत तक पानी पहुंचा।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 21 नवंबर को

खालवा। अखिल विश्व गायत्री परिवार के तहत 21 नवंबर शुक्रवार को इस वर्ष की भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा होगी। मध्यप्रदेश के हर जिले सभी शासकीय एवं निजी विद्यालय में शुक्रवार 12 से 1 बजे आयोजित होगी। यह परीक्षा ओएमआर शीट उत्तर पुस्तिका पर होती है। जिले के सभी विद्यालयों पर परीक्षार्थी इसमें भाग ले रहे हैं। खालवा तहसील से इस परीक्षा में इस वर्ष 900 परीक्षार्थी, छात्र-छात्राएं भाग लेंगे।

विद्यार्थियों और शिक्षकों को तंबाकूयुक्त पदार्थों का सेवन न करने की शपथ दिलाई

खण्डवा। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत ष्तम्बाकू मुक्त युवा अभियानष् 9 दिसंबर तक जारी है। इस दौरान विभिन्न जागरुकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में गुरुवार को नेहरू स्कूल, महारानी लक्ष्मी बाई कन्या स्कूल एवं हाईस्कूल पदमनगर खण्डवा में विद्यार्थियों और शिक्षकों को तंबाकूयुक्त पदार्थों का सेवन न करने की शपथ दिलाई गई। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. सुजीत वर्मा ने बताया कि तंबाकू के सेवन से कैंसर सहित कई बीमारियां हो रही हैं, इसलिए सबसे जरूरी है कि युवा पीढ़ी को तंबाकू उत्पादों का सेवन करने से बचाएं। उन्होंने बताया कि तम्बाकू धीमा जहर है, तम्बाकू खाने या धूम्रपान करने से नुकसान बहुत हैं, फायदा कुछ भी नहीं है। कैंसर से आर्थिक हानि तो होती ही है, पूरा परिवार भी बिखर जाता है। ओरल कैंसर जैसे असाध्य रोगों से ग्रस्त होकर लोग असमय काल के गाल में समा रहे हैं।

उत्तर से आई सर्दीली हवाएं निमाड़ वालों को कंप-कंपा रहीं

नवभारत न्यूज

खंडवा। उत्तर भारत से सर्दीली हवाएं चलने के बाद ठंड तेवर दिखाने लगी है। दिनभर हवाएं सिहरन पैदा कर रही हैं। दिन में भी गर्म कपड़ों और स्वेटरों की जरूरत पड़ रही है। शाम ढलते ही कड़ाके की ठंड का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। सुबह सुबह कोहरा भी छाने लगा है।

दिन छोटे होने लगे

पारे में गिरावट से आमजन जीवन भी प्रभावित होने लगा है। सुबह बाजार देर से खुलने के साथ शाम ढलते ही चहल पहल और रौनक कम हो जाती है। स्वेटर और गर्म कपड़ों के साथ ही गरमागरम सामग्री की पूछ परख बढ़ गई है।

बच्चे और वृद्धों को संभालें

जिला अस्पताल में बड़ी संख्या में शिशुरोग विशेषज्ञ के कक्ष में उपचार के लिए बच्चों को लेकर परिजन पहुंच रहे हैं। वहीं ठंड से हृदयरोग और दमा के मरीजों को भी दिक्कतें पेश आने लगी है। ठंड से बचाव के लिए लोग गर्म कपड़ों के साथ ही अलाव का सहारा लेने लगे हैं। कभी दिन का अधिकतम तापमान नीचे जा रहा है तो कभी रात का तापमान चढ़ रहा है।

गर्म कपड़ों की डिमांड

गुलाबी ठंड के दस्तक देने के साथ ही गर्म कपड़ो की भी डिमांड बढ़ गई है।

शहर में जगह-जगह शाल-कंबल की दुकाने सजी नजर आ रही है वही स्थानीय सिनेमा चौक स्थित दधीचि पार्क पर ऊनी वस्त्र बेचने आए तिब्बतियों की दुकान पर गर्म कपड़े खरीदने लोग पहुंच रहे हैं।

गजक और गराडू पसंद करने लगे लोग

बजार में गजक, गराडू लोग पसंद कर रहे हैं। मौसम के मिजाज से जनस्वास्थ्य पर भी प्रभाव पड़ने लगा है। खासकर छोटे बच्चे ठंड की वजह से सर्दी व बुखार के शिकार हो रहे हैं।

मूंदी-सनावद मार्ग की मरम्मत शुरू 15 दिन में सड़क होगी चका-चक

नवभारत न्यूज

मूंदी। मूंदी-सनावद मार्ग करीब 63 किलोमीटर का है। यह टोल रोड है। वर्षाकाल में कहीं-कहीं गड्ढे एवं क्षतिग्रस्त हो गया था। उस पर पेंचवर्क एवं मार्ग मरम्मत का कार्य चल रहा है। यह मध्य प्रदेश रोड डेवलेपमेंट कॉरपोरेशन के अनुबंधानुसार दिलीप बिल्डकॉन कंपनी के अंतर्गत आता है।

इस कार्य को मेंटेनेंस इंजीनियर राम बहादुर सोंधिया और मुकेश सूर्यवंशी की टीम के द्वारा यह कार्य किया जा रहा है। पेंचवर्क एवं मार्ग मरम्मत तथा कहीं-कहीं डामरीकरण भी किया जा रहा है। टोल मैनेजर दिनेश सिंह ने बताया कि करीब 15 दिनों में यह कार्य पूर्ण हो जाएगा।

सांसद पाटिल ने कलेक्टर को किया सम्मानित

नवभारत न्यूज

खण्डवा। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्री गुप्ता को 'राष्ट्रीय स्तर पर जल संरक्षण के लिए पुरस्कृत होने पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उन्हें सम्मानित किया।

उन्होंने कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा को पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं शॉल से सम्मानित किया।

उल्लेखनीय है कि गत दिवस नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने जल संरक्षण के क्षेत्र में संचालित 'जल संचय, जन भागीदारी' अभियान हेतु खण्डवा जिले को देश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 2 करोड़ रूपये का पुरस्कार प्रदान किया था। सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत की श्रेणी में खंडवा जिले की कावेश्वर पंचायत को द्वितीय पुरस्कार भी मिला है।

जिले के गुंडे और बदमाशों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के निर्देश

नवभारत न्यूज

खंडवा। पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम खंडवा में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों व थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों की उपस्थिति मे त्योहारों के शांतिपूर्वक सम्पन्न होने के पश्चात जिले के अपराधों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

समीक्षा बैठक में जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल सिंह चौहान, एसडीओपी मूँदी मनोहर गवली, एसडीओपी हरसूद लोकेश सिंह ठाकुर एवं उप पुलिस अधीक्षक यातायात अनिल कुमार राय सहित जिले के समस्त थाना प्रभारी व चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक खंडवा द्वारा जिले के लंबित अपराधों की समीक्षा करते हुए थानों मे लंबित अपराध एवं चालान के शीघ्र निराकरण वर्षांत से पहले करने हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिये। थाने के माल खानों रखे माल का साल खत्म होने से पहले निराकरणकिए जाने निर्देश दिए गए है। संपति संबंधी अपराधों मे अधिक से अधिक पतारसी कर माल मशरुका की बरामदगी हेतु निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारियों को जप्त शुदा वाहनों, जप्ती माल के निराकरण व लंबित खात्मा खारजी के प्रकरणों का न्यायालय से निराकरण समय सीमा मे कराए जाने के निर्देश दिए गये।

पुलिस अधीक्षक खंडवा द्वारा जिले में गुंडे एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए। बिना हेलमेट, सीटबेल्ट के प्रयोग न करने वालों एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध एमव्ही एक्ट के तहत चालान करने हेतु थाना प्रभारी यातायात सहित सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिये गये। सीएम हेल्प लाइन, जनसुनवाई, लंबित पास-पोर्ट के प्रकरणों के शीघ्र निराकरण हेतु बताया गया।

पंधाना में स्कूली बच्चों को पुलिस कानून पर दिया व्याख्यान



नवभारत न्यूज

पंधाना। क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कालंका के शासकीय हाई स्कूल कालंका में मुस्कान विशेष अभियान के तहत थाना प्रभारी व स्टाफ ने कक्षा 06 से 10 वीं तक के बालक एवं बालिकाओं को गुड टच -बेड टच, महिला अपराध, नशीले पदार्थों के सेवन ब्लैकमेलिंग, एवं उनसे होने वाले दुष्परिणाम, बाल विवाह बाल अपराध बाल/ बंधुआ मजदूर, 1090 महिला अपराध, 1930 साइबर अपराध, 1098 चाईल्ड हेल्प लाईन, डायल 112, यातायात के नियमो के संबंध मै, दहेज प्रताड़ना पास्को एक्ट, भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत बालक बालिकाओं के क्रिया कलापों, आचरण, व्यवहार से संबंधित अपराधों के बारे मे जानकारी देकर जागरूक किया गया।

करीब 150 छात्र, छात्राएं उपस्थित रहे।

पुलिस का 'ऑपरेशन सहयोग', चोरी और गुम हुए 32 लाख के मोबाइल लौटाए

नवभारत न्यूज

खंडवा। खंडवा पुलिस ने ऑपरेशन सहयोग चला रखा है। इसमें गुम हुए मोबाइलों की

वापसी साइबर सेल के द्वारा कराई जा रही है। एक बार फिर पुलिस अधीक्षक मनोज राय के नेतृत्व में 32 लाख रुपए के मोबाइल वास्तविक मालिकों को लौटा दिए गए। उस वक्त मोबाइल प्राप्त करने वाले लोगों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी।

विशेष अभियान के लिए सायबर सेल एवं समस्त थाना प्रभारियों को लगातार हिदायत दे जा रही थी। सायबर सेल एवं थानों द्वारा समन्वय स्थापित कर कुल 158 मोबाईल कुल कीमती 31,78,377/- रूपए के मिले जिन्हें वास्तविक मालिकों को लौटा दिए गए।

पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय ने पुलिस कंट्रोल रूम खंडवा में सभी मोबाईलों को उनके धारकों को सौंपा। कुल 145 आवेदक लाभांवित हुए। आवेदकों द्वारा अपना मोबाईल गुमने की स्थिति में तत्काल मोबाईल रिपोर्टिंग की ऑनलाईन पोर्टल ceir.gov.in पर तथा नजदीकी थाना पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उनके गुम मोबाईल उन्हे वापस प्राप्त हुए हैं। किसी भी व्यक्ति का मोबाईल गुम होने की स्थिति में मोबाईल रिपोर्टिंग की ऑनलाईन पोर्टल ceir.gov.in पर अथवा नजदीकी थाना पर रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की सुविधा उपलब्ध है, जिसका प्रत्येक नागरिक को उपयोग करना चाहिए। वर्तमान में नागरिकों की सहायता हेतु प्रत्येक थाना पर सायबर हेल्पडेस्क स्थापित की गई है।

खालवा के रिचड़ीखेड़ा में 150 बोरियों से बनाया बोरी बंधान

नवभारत न्यूज

खालवा। जिले में कलेक्टर ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए ''मिशन अमृत संचय'' अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत वर्षा समाप्ति के बाद नदी नालों में बहते पानी को रोकने के लिए ग्रामीणों की सहभागिता से बोरी बंधान संरचनाए निर्मित कराई जा रही है।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक जगदीश पटेल ने बताया कि अमृत संचय अभियान के अंतर्गत खालवा विकासखंड के ग्राम रिचड़ीखेड़ा में गुरुवार को सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम खालवा के विद्यार्थी, नवांकुर संस्था भूमि फाउंडेशन और ग्रामीणजनो की सहभागिता से जामुन नाले पर 150 बोरियों का बोरी बंधान तैयार किया।

कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक ललित पवार, परामर्शदाता मोहन रोकड़े, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रिचड़ीखेड़ा के सचिव संताराम धुर्वे सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

24 नवंबर को चौरे स्मृति सम्मान समारोह होगा

नवभारत न्यूज

खंडवा। साहित्य परिवार कवि कला संगम (ककस) व्दारा वर्ष 2025-26 के लिए ज्योति चौरे सम्मान, अमृतलाल चौरे सम्मान एवं आध्यात्मिक क्षेत्र में भागवत चौरे स्मृति सम्मान का भव्य गरिमामय आयोजन सोमवार 24 नवम्बर को होगा। सम्मानित होने वाले साहित्य मनीषियों के नामों की घोषणा चयन समिति व्दारा कर दी गई है।

प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि ककस परिवार के नवें वर्ष के इस सम्मान समारोह पर दिए जाने वाले सम्मानों की घोषणा चयन समिति सचिव नितेश चौरे एवं संस्थापक सुनील चौरे उपमन्यु के द्वारा की गई। जिसमें ज्योति चौरे स्मृति सम्मान गीत गायिका नन्दिनी गावशिन्दे, भानु चौरे स्मृति सम्मान भजन गायिका सुनीता जोशी एवं अमृतलाल चौरे स्मृति सम्मान वीर रस के देशभक्त कवि संतोष चौरे 'चुभन' को अनेक साहित्यकारों एवं गणमान्यजनों की विशेष मौजूदगी में स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र भेंटकर सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम एलआईजी कालोनी स्थित श्री गुरु गोविंदसिंह उद्यान में 24 नवम्बर दोपहर 03 बजे से शाम 05 बजे तक आयोजित होगा।

'पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा' — **उज्जैन से ओंकारेश्वर का किराया 6500 और ओंकारेश्वर से इंदौर का किराया 5500 होगा**

ओंकारेश्वर से इंदौर और उज्जैन की हवाई सेवा शुरू

नवभारत न्यूज

खण्डवा। उज्जैन और इंदौर से ओंकारेश्वर की हवाई सेवाएं आज से शुरू हो जाएंगी। ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने वालों को और सुगमता होगी। 20 से 40 मिनट में इन स्थानों से ओंकारेश्वर पहुंचा जा सकेगा।

उज्जैन से ओंकारेश्वर का किराया 6500 और ओंकारेश्वर से इंदौर का किराया 5500 होगा। इंदौर से उज्जैन 20 मिनट में हेलीकॉप्टर पहुंच जाएगा। उज्जैन से ओंकारेश्वर की दूरी 40 मिनट में तय हो जाएगी।

ईको और वन्यजीव पर्यटन बढ़ेगा

आध्यात्मिक, इको पर्यटन और वन्यजीव पर्यटन स्थलों के बीच तेज और सहज हवाई संपर्क सुनिश्चित करते हुए इसका नियमित संचालन 20 नवंबर से प्रारंभ हो रहा है। इस नई सुविधा से पर्यटकों को कम समय में अधिक गंतव्यों तक पहुंचने का अवसर मिलेगा। राज्य की पर्यटन क्षमता को नए

आयाम प्राप्त होंगे। इस सेवा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उज्जैन और ओंकारेश्वर ज्योर्तिलिंग तक की यात्रा अब मात्र 20 से 40 मिनट में संभव होगी। भोपाल से पचमढ़ी तक की यात्रा भी केवल एक घंटे में पूरी हो जाएगी।

सेवा की बुकिंग www. flyola.in,https://air.irctc.co.in/flyola एवं https://transbharat.in/ पर की जा सकती है।

उज्जैन से ओंकारेश्वर का किराया 6500 रू. और ओंकारेश्वर से इंदौर का किराया 5500 रू. रहेगा।

इंदौर से उज्जैन तक 20 मिनट की उड़ान का अनुमानित किराया 5 हजार रूपये, उज्जैन से ओंकारेश्वर तक 40 मिनट की उड़ान का किराया 6 हजार 500 और ओंकारेश्वर से इंदौर लौटने का किराया लगभग 5 हजार 500 रूपए रखा गया है। इस सेक्टर के माध्यम से श्रद्धालु एक ही दिन में महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर दोनों ज्योर्तिलिंगों के दर्शन आसानी से कर सकेंगे।

इको टूरिज्म सेक्टर में भोपाल से मढ़ई तक 40 मिनट की उड़ान का अनुमानित किराया 4 हजार रूपये तथा मढ़ई से पचमढ़ी तक 20 मिनट की उड़ान का किराया 3 हजार रूपये है।

इसके अलावा भोपाल से पचमढ़ी के लिए एक घंटे की सीधी उड़ान भी उपलब्ध रहेगी, जिसका किराया 5 हजार रूपये प्रति यात्री है। पचमढ़ी में जॉय-राइड्स का विकल्प भी उपलब्ध होगा, जिससे प्रकृति आधारित अनुभव और भी आकर्षक बनेगा।

पर्यटन को भी मिलेगा बढ़ावा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने और पर्यटकों को त्वरित, सुगम और सुरक्षित सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश के 70 वें स्थापना दिवस पर भोपाल से 'पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा' का शुभारंभ किया था। यह सेवा मध्यप्रदेश को हवाई पर्यटन के एक नए युग में प्रवेश कराने वाली है।